दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
15/10/2020	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **रान्धो पुरती**, पिता/पति–**स्व० विजय पुरती**, ग्राम–**पान्ड्राशाली**, थाना–**मुफ्फसिल**, जिला– **पश्चिमी सिंहभूम** चाईबासा ने **मौजा– उलीराजाबासा, थाना नं०–61, खाता नं०–244, प्लॉट नं०–777 एवं 768 रकवा क्रमशः – 0.05 एकड़, 0.59 एकड़, कुल रकवा– 0.64 एकड़**, भूमि क्रेता **सिंगराय पुरती**, पिता/पति– **स्व० मुकरू पुरती**, ग्राम–**उलीराजाबासा**, थाना–**मुफ्फसिल**, जिला **प० सिंहभूम** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) परन्तु (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। **अंचल अधिकारी, खूँटपानी** से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेजो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के दादा एवं अन्य के नाम से हालसर्वे खतियान में दर्ज है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्वक दखल है।** अंचल अधिकारी, **खूँटपानी** का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक– **580**, दिनांक **05. 09.2020** द्वारा प्राप्त है एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि शिक्षा एवं ईलाज हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **सिंगराय पुरती**, पिता/पति– **स्व० मुकरू पुरती**, ग्राम–**उलीराजाबासा**, थाना–**मुफ्फसिल**, जिला प० सिंहभूम के पास बिक्री करना चाहते हैं। किसी को किसी प्रकार का आपत्ति नहीं है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों **मुफ्फसिल थाना** के निवासी है। उक्त दोनों **अनुसूचित जन जाति** के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष **5.98 डी०** भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति पर्याप्त है। अतः **संबंधित राजस्व कर्मचारी/अंचल निरीक्षक/अंचल अधिकारी, खूँटपानी** एवं **ग्रामीण मुण्डा** के अनुशंसा के आलोक में आवेदक **रान्धो पुरती**, पिता/पति–**स्व० विजय पुरती**, ग्राम–**पान्ड्राशाली**, थाना–**मुफ्फसिल**, जिला पं० सिंहभूम ने क्रेता **सिंगराय पुरती**, पिता/पति– **स्व० मुकरू पुरती**, ग्राम–**उलीराजाबासा**, थाना –**मुफ्फसिल**, जिला **पं० सिंहभूम** के पास 1,30,000.00 (एक लाख तीस हजार) रूपया में **मौजा– उलीराजाबासा, थाना नं०–61, खाता नं०–244, प्लॉट नं०–777 एवं 768 रकवा क्रमशः – 0.05 एकड़, 0.59 एकड़, कुल रकवा– 0.64 एकड़**, भूमि को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) परन्तु (ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की...अनुमति...दी जाती है। लेखापित 15/10 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। 15/10/2020 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा	

//D:/Ranjeet All Work:// 1 TA MISS ORDER

Scanned with CamScanner